दिनांकः 16.05.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में अलग–अलग सड़क हादसों में आज नौ लोगों की मृत्यु हो गयी और नौ लोग घायल हो गये। जयपुर–दौसा हाईवे के डांगरवाड़ा मोड़ पर दो कारों की आमने–सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में नौ अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को आंधी के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनमें से तीन गंभीर घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रैफर किया गया है।

वहीं एक अन्य हादसे में जयपुर के पास बांडी नदी के किनारे एक कार के ट्रेलर से टकरा जाने से दो लोगों की मृत्यु हो गयी। वहीं बीकानेर के श्रीडूंगरगढ में आज सुबह कंटेनर से टकरा जाने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मृत्यु हो गयी। ये दोनों मृतक एक विवाह समारोह में भाग लेने के लिए चुरू के रतनगढ जा रहे थे।

राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री और गुजरात की पूर्व राज्यपाल डॉ. कमला बेनीवाल का आज जयपुर में अंतिम संस्कार किया गया। लालकोठी स्थित शमशान घाट पर उनको अंतिम विदाई दी गयी। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। 97 साल की डॉ. कमला ने कल जयपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली थी।

भीलवाडा में अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस महीने की दो तारीख से शुरू हुए इस अभियान के तहत अवैध खनन में लिप्त वाहनों को जब्त कर जुर्माना लगाया जा रहा है। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बताया कि इस अभियान को खनिज, परिवहन, पुलिस और राजस्व विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 72 से ज्यादा मामले दर्ज किये गये हैं और 50 से ज्यादा वाहनों को जब्त कर 50 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया है।

जैसलमेर में रामदेवरा गोडावण ब्रीडिंग स्टेशन के पास दुर्लभ पक्षी गोडावण के संरक्षण के लिए टनल बनायी जाएगी। इस टनल में गोडावण पक्षियों को रखकर उनकी संख्या में बढोतरी का प्रयास किया जाएगा। टनल बनाए जाने की घोषणा से वन्यजीव प्रेमी उत्साहित हैं। जिला वन अधिकारी आशीष व्यास ने बताया कि देश में पहली बार इस तरह की टनल बनाई जा रही है। इसके बाद सुदासरी क्षेत्र में भी टनल बनाया जाना प्रस्तावित है।

राज्य में ज्यादातर स्थानों पर भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। तेज गर्मी के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश इलाकों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

सबसे ज्यादा 44 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। जैसलमेर में 44, धौलपुर में 43 दशमलव 8, सीकर के फतेहपुर में 43 दशमलव 4, बारां के अंता और करौली में 43 दशमलव 3, जालौर में 43 दशमलव 2, चूरू और हनुमानगढ के संगरिया में 43, बीकानेर में 42 दशमलव 6, जोधपुर में 42 दशमलव 5, बाड़मेर में 42 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा।

वहीं राजधानी जयपुर में पारा 42 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आज से जोधपुर और बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर और कल से जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है।

राजस्थान विश्वविद्यालय में आज से विभिन्न खेलों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड की ओर से 5 जून तक चलने वाले इस शिविर में 14 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक भाग ले रहे हैं। वहीं आज से जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में जूनियर समर प्रोग्राम शिविर भी लगाया जा रहा है। शिविर में अलग–अलग आयु वर्ग के बच्चों को 16 कला विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अलग–अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक 1 हजार 106 करोड़ रुपए की कीमत से अधिक की जब्तियां की हैं। इनमें नशीली दवाएं, शराब, कीमती धातुएं, फ्रीबीज और अवैध नकद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर विभिन्न एजेंसियां कड़ी निगरानी रख रही हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक इन एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 1000 करोड़ रुपये से अधिक है। 1 मार्च से अब तक नौ जिलों में 40–40 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी आदि जब्त की गई है।